nt>

Title: Regarding action to be taken to improve the condition of drought affected farmers of Maharashtra.

श्रीमती कल्पना रमेश नरहिरे (उस्मानाबाद) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और जल संसाधन मंत्री जी का ध्यान महाराट्र राज्य में हो रहे जल संकट की तरफ आकर्ाित करना चाहती हूं। पिछले तीन वर्ाों से महाराट्र में समय पर बारिश न होने के कारण राज्य में पानी की अत्यधिक कमी हो रही है जिसके कारण किसानों को खेतों के लिए तथा जन मानस को पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी की कमी से कृाक वर्ग पर बहुत अधिक ऋण का बोझ पड़ रहा है और दिनों-दिन खेतों में लाखों रुपये की फसल का नुकसान हो रहा है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम 15 शुगर फैक्टरीज हैं और इनमें हजारों लोग काम करते हैं। लेकिन बारिश के कम होने के कारण गन्ने के उत्पादन में कमी हो रही है और शुगर की फैक्टरी बंद होने के कारण लोगों को काम नहीं मिल रहा है और हजारों मजदूर काम न होने के कारण बेरोजगार हो रहे हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि इस जल संकट के समाधान और बेकारी से निपटने की दिशा में सरकार ने क्या उपयुक्त कदम उठाये हैं?